## कबाड़ ठीहे में लगी भीषण आग, मची अफरा-तफरी

### घनी आबादी में संचालित ठीहे लोगों के लिए बने खतरा

**शहडोल, देशबन्धु।** नगर के मध्य स्थित एक कबाड़ी के गोदाम में बीती रात लगी आग ने भयावह रूप अख्तियार कर लिया। देखते ही देखते आगे की लपटे दूर तक उठने लगी। चारों तरफ से रिहाइशी घरों से घिरा होने के कारण आग की लपटों को देख वहां लोगों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। आसपास रहने वाले लोगों ने पहले तो आग को बुझाने की कोशिश की, लेकिन उनकी यह कोशिश काम नहीं आई। इसके बाद नगर पालिका में सूचना देकर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलाई गई। काफी देर की मशक़्क़त के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि जब तक आग बुझाई जा सकी तब तक गोदाम में रखा हुआ सारा कबाड़ जलकर राख हो चुका था। आगजनी की यह घटना न्यू बस स्टैंड रोड में स्थित मुल्ला कबाड़ी के गोदाम की है। इस आगजनी में लाखों का कबाड़ जलकर राख हो गया। यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि इसमें किस तरह का कबाड़ शामिल है।

ऐसा बताया जा रहा है कि रात में मुल्ला कबाड़ी के गोदाम में तांबे के तार के ऊपर लगी रबर को आग से जलाकर तार को अलग किया जा रहा था। तभी आग कि



चिंगारी पास में ढेर लगे प्लास्टिक के कबाड़ तक पहुंच गईं। फिर कुछ ही देर में आग ने वहां रखे सामान को अपनी आगोश में ले लिया और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आबादी के बीच स्थित कबाड़ गोदाम में आग लगने के बाद आसपास रहने वाले लोग काफी डरे हुए हैं। लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। उनका कहना है कि अगर आग को समय रहते नहीं बुझाया जाता तो वह आसपास मौजूद घरों तक पहुंच सकती थी।

**रात में क्यों हटा रहे थे रबर**

घटना के बाद यह सवाल खड़े हो रहें हैं कि कबाड़ के ठीहे में रात के अंधेरे में तांबे के तार के ऊपर लगी रबर को आखिर क्यों अलग किया जा रहा था। सवाल यह भी है कि तांबे के तार आखिर कहां से लाए जातें हैं। क्योकि आए दिन केबिल चोरी के मामले जिले भर में सामने आते रहते हैं। क्या वही चोरी का तार बाद में चोरों द्वारा इन कबाड़ के ठीहों में लाकर बेच दिया जाता है और यह तार भी क्या उसी का कोई हिस्सा है यह सब जांच का विषय है।

**अनेक ठीहे हैं संचालित**

यह कोई अकेला कबाड़ का गोदाम नहीं है जो शहर की घनी बस्ती और रिहायशी क्षेत्र में स्थित है। ऐसे अनेकों कबाड़ के ठीहे हैं जो घनी बस्ती में संचालित हो रहे हैं। सिंहपुर रोड में चर्चित अनीस कबाड़ी का ठीहा है तो सोहागपुर में बाणगंगा तिराहे के थोड़ा आगे बहुचर्चित गुड्डू कबाड़ी का ठीहा है। इसके अलावा घरौला मोहल्ला और पुरानी बस्ती सहित कई और स्थान हैं जहां इसी तरीके से ठीहे संचालित हो रहे हैं। अब देखना यह है, कि इस तरह की घटना होने के बाद जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ऐसे कबाड़ के ठीहे के खिलाफ किस तरह की कार्रवाई करता है।

## सर्पदंश से युवक की मौत

**पन्ना, देशबन्धु।** आदिवासी बहुल्य क्षेत्र कल्दा में आये दिन सर्पदश की घटनाए प्रकाश मे आ रही है। क्षेत्र में स्वास्थ केन्द्र है लेकिन डॉक्टर तथा स्वास्थ की सुविधाए नहीं है, जिससे पीड़ितों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है। नवपदस्थ मुख्य चिकित्सा अधिकारी एस के त्रिपाठी द्वारा लगातार स्वास्थ सुविधाए दुरस्थ करने की दिशा में प्रयास किये जा रहें है। लेकिन निचलें स्तर के कर्मचारी लापरवाह बनें हुए है, कल्दा सहित दूरस्थ अंचलों मे पदस्थ स्वास्थ कर्मचारी स्वास्थ केन्द्रों मे न रह कर तहसील स्तर शाहनगर तथा पवई सें कभी कभार आना जाना करतें है। अभी फिलहाल कल्दा में एक चिकित्सक की पदस्थापना की गई है, गत दिवस गुरूजी ग्राम निवासी सुजान सिंह आदिवासी उम्र 32 साल को रात्रि के समय सर्प नें काट लिया था, जिसें परिजनों द्वारा स्वास्थ केन्द्र लाया गया, लेकिन स्वास्थ केन्द्र में चिकित्सक न होने के कारण ईलाज नहीं मिल पा रहा। तत्पश्चात् एम्बूलेंस के लिए फोन लगाया गया लेकिन एम्बूलेंस भी नहीं मिली, किराये के वाहन से कटनी ले जाया गया, जिसकी रास्तें में ही मौत हो गई।

## छह वर्षीय बालिका के साथ किशोर ने किया दुष्कर्म

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के अंतिम छोर में स्थित पपौंध थाना क्षेत्र में रहने वाले एक किशोर ने परिचित की 6 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने आरोपी किशोर के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। घटना मंगलवार की है।

शर्मसार कर देने वाली इस घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बालिका घर के पास ही खेल रही थी और उसकी मां घरेलू काम में लगी हुई थी। तभी उक्त किशोर ने इसका फायदा उठाते हुए बालिका को पकड़ लिया और उसके साथ घटना को अंजाम दिया। बालिका ने जब रो-रो कर अपनी मां को पुकारा तो अपनी बालिका की चीख पुकार को सुनकर सुन मां दौड़ उसके पास दौड़ पड़ी। मां जब वहां पहुंची तो उसने देखा कि उक्त किशोर उसकी बालिका के साथ आपत्तिजनक अवस्था में था। मां को अपने पास देखकर किशोर मौके से फरार हो गया। इसके बाद बालिका के परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और उन्होंने थाने में पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी किशोर के विरुद्ध दुष्कर्म व अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया। पपौन्ध थाना प्रभारी बृजेंद्र मिश्रा ने बताया कि बालिका के पड़ोस में रहने वाले एक किशोर ने ही दुष्कर्म की इस वारदात को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि आरोपी किशोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया गया है।

### करंट लगने से 70 वर्षीय वृद्ध की मौत

**पन्ना।** देवेन्द्र नगर थाना अन्तर्गत ग्राम सवाईगंज पुरवा निवासी आशा राम यादव पिता जवाहर लाल यादव उम्र 70 वर्ष की करेंट लगनें से मौत हो गई, जानकारी के अनुसार आशाराम सुबह घर पर मवेशियों को चारा भूसा डाल रहा था, उसी दौरान घर मे हीं लगे बिजली के तार की चपेट मे आ गया और करेंट लगने से मौत हो गई। आशाराम के निधन पर गांव तथा परिवार मे शोक का माहोल कायम है।

### सार-समाचार

## ज्वालाधाम की गद्दी से ही चल रही ग्राम पंचायत की बागडोर

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले की करकेली जनपद पंचायत में एक अजीबो गरीब कहानी उभर कर सामने आ रही है। बताया जाता है कि इस पंचायत में पदस्थ भंडारी सिंह की ताजपोशी जिला प्रशासन द्वारा वर्तमान में देवगवा खुर्द में की गई है, इसके पूर्व वे समीपस्थ ग्राम पंचायत पठारी और उसके पहले उचेहरा में पदस्थ रहकर चांदी काटते रहे। बताया जाता है कि ज्वाला धाम के बड़े महराज के नाम से प्रसिद्ध सचिव विगत दो दशक से बड़े महराज की कुर्सी पर आसीन रहकर पंचायत सचिव की कमान संभाल रहे हैं।

यद्यपि यह पद अवैतनिक है और कोई भी मातारानी की सेवाकर सकते हैं। इस पर किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए, लेकिन हर एक शासकीय कर्मचारी की एक मर्यादा होती है, उसकी हदों में रहते हुए न कि शासकीय सेवा शर्तों को दर किनार करते हुए, लेकिन यहां पर तो शासकीय सेवाओं को कुतके पर रख। पर यहां पर जो चल रहा है हर एक सामान्य को आश्चर्य चकित कर रहा है ।

इनकी शानो-शौकत और दिन दुगना रात चौगुना हो रहे तरक्की से लगता है कि इन पर न सिर्फ ज्वाला माता की कृपा बरस रही बल्कि उमरिया जिले में पदस्थ आलाकमान अधिकारियों की कृपा भी इन पर लगातार बरसती नजर आ रही है। बताया जाता है कि ज्वाला धाम में अकूत धन राशि चंदे के रूप में प्राप्त होती है, जिसका हिसाब-किताब के मालिक यही सचिव सम्हालते है। कहा जाता है कि जब यह सचिव उचेहरा ग्राम पंचायत में थे, तब इन्होंने ज्वाला धाम में हुए कामों के लिए ग्राम पंचायत और ज्वाला धाम दोनों जगह से निर्माण कार्यों की राशि आहरित की गयी है, लेकिन यह मामला बहुत पुराना है और शायद जिला प्रशासन इस मामले को तह खाने में जा चुका है।

## नौ जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई, 48 हजार से अधिक नकदी जब्त

**उमरिया, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक उमरिया एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमरिया द्वारा अवैध गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु लगातार समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया जा रहा है। जिले के थाना प्रभारियों द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश में लगातार कार्रवाईयां की जा रही हैं। इसी कड़ी में थाना पाली द्वारा जुआ फड पर रेड कार्रवाई करते हुए नौ जुआरियों के विरुद्ध अपराध कायम करते हुए प्रकरण में नकद 48,500 रुपये जब्त किए गए हैं।

बता दें कि तीन नवंबर की रात थाना पाली पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम खोलखम्हरा के जंगल में कुछ लोग हार जीत की बाजी लगाकर ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे हैं। प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम का गठन कर घटना स्थल पर पहुंचकर, पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी करते हुए टार्च की रोशनी में जुआ खेलते हुए नौ अभियुक्तों को पकड़ा गया, जिनके कब्जे से नकद 48,500 रुपये जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध 13ए जुआ एक्ट के तहत प्रकरण कायम कर आरोपियों के विरुद्ध विधिसंगत कार्रवाई की गई।

बताते चलें, जिन पर कार्रवाई हुई है कि उनमें मिंटू चौरसिया निवासी शहडोल, विजय सिंह निवासी सोहागपुर, रामकुमार रैकवार निवासी बुढार जिला शहडोल, एमयू खान निवासी पाली जिला उमरिया, राजेश नारायण निवासी शहडोल, विवेक मिश्रा निवासी सोहागपुर शहडोल, विजय पटेल निवासी शहडोल, प्रीतम विश्वकर्मा निवासी सोहागपुर, राजेश सोनी निवासी सोहागपुर शामिल हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी पाली निरीक्षक मदनलाल मरावी, सउनि पुष्पराज सिंह, प्रआर महेश साहू, प्रआर योगेश्वर सिंह, प्रआर चंद्रशेखर, प्रआर रणवीर, प्रआर अनिल, प्रआर धर्मेन्द्र, आर अमन, आर रेवाशंकर और साइबर सेल से संदीप सिंह की भूमिका रही है।

## भाजपा नेता नेक मोहम्मद का निधन

**शहडोल, देशबन्धु।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा शहडोल के



पूर्व जिला अध्यक्ष और झींक बिजुरी क्षेत्र के प्रभावशाली भाजपा नेता नेक मोहम्मद का बुधवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया। नेक मोहम्मद का स्वास्थ्य पिछले कुछ दिनों से खराब सा चल रहा था। बुधवार दोपहर बाद उनके गृह ग्राम झींक बिजुरी में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में राजनीतिक दल के लोग और ग्रामीण जन उपस्थित रहे। देशबन्धु की ओर से भी विनम्र श्रद्धांजलि।

उल्लेखनीय है कि नेक मोहम्मद ग्राम पंचायत झींक बिजुरी के कई बार निर्विरोध पंच और उप सरपंच भी निर्वाचित रह चुके हैं और आसपास की ग्राम पंचायतों में भी उनका खासा प्रभाव था।

## संभागायुक्त की अध्यक्षता में स्थानीय सलाहकार समिति की बैठक

**पन्ना, देशबन्धु।** कमिश्नर डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में मड़ला के कर्णावती सभागार में वन विभाग की स्थानीय सलाहकार समिति की बैठक हुई। बैठक में जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारियों सहित समिति के सदस्यगण, मड़ला एवं हिनौता ग्राम पंचायत सरपंच, होटल व रिसॉर्ट संचालक, जिप्सी एवं गाइड एसोसिएशन के प्रतिनिधि भी शामिल रहे। इस दौरान पर्यटन विकास के लिए बेहतर प्रबंधन तथा पर्यटक सुविधाओं के संबंध में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा के दौरान आवश्यक सुझावों से अवगत कराया गया। कमिश्नर डॉ. रावत ने बैठक में उपस्थितजनों से चर्चा के दौरान कहा कि पन्ना नेशनल पार्क प्रबंधन द्वारा हितधारकों के साथ पर्यटन सुविधाओं में बढ़ोत्तरी और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के मद्देनजर सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किया जाएगा। पर्यटकों की जरूरी सुविधाओं के दृष्टिगत निवेशकों के आर्थिक लाभ भी सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने कहा कि टाइगर रिजर्व द्वारा स्वयं के स्तर पर राजस्व अर्जित करने का प्रयास भी किया जाए। छोटे-छोटे मुद्दों का त्वरित रूप से निराकरण हो। कमिश्नर ने विभिन्न समितियों के चुनाव में पारदर्शिता का आश्वासन दिया। साथ ही भारत सरकार द्वारा वन्य क्षेत्र एवं अभ्यारण्य में पर्यटकों की सुविधा के लिए जारी गाइडलाइन अनुरूप आवश्यक सुविधाएं विकसित करने की बात कही। होटल एवं रिसोर्ट में वॉटर हॉर्वेस्टिंग सिस्टम की स्थापना तथा पर्यावरण के अनुकूल कचरा निष्पादन के लिए स्टेकहोल्डर्स से चर्चा कर स्थल चिन्हित करने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने मड़ला में भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम स्थापित करने, चयनित मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने और स्पीड सेंसर स्थापना के निर्देश भी दिए। पन्ना नेशनल पार्क की क्षेत्र संचालक अंजना सुचिता तिर्की द्वारा समिति सदस्यों और उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों को बैठक की रूपरेखा एवं एजेंडा के बारे में अवगत कराया गया।

## धरमसागर तालाब में तीन दिन बाद मिली शिवम की लाश

**पन्ना, देशबन्धु।** घर से अचानक गायब हुए शिवम चित्रकार पिता कमलकिशोर चित्रकार का तीन दिन बाद धरमसागर के बाबा घाट मे शव तैरते हुए पाया गया। जिसकी सूचना लोगो द्वारा पुलिस को दी गई। पुलिस घटना स्थल पर पंहुची तथा तत्कला शव को बाहर निकाला गया। एवं पंचनामा बनाकर शव पीएम के लिए शव विच्छेनद केन्द्र भेजा गया। गौरतलब है कि विगत चार नवम्बर को शिवम चित्रकार घर से गायब हो गया था तथा उसकी चप्पलें धरमसागर तालाब के घाट पर पाई गई थी, जिसके आधार पर पुलिस तथा एसडीआरएफ की टीम द्वारा गोताखोरो के माध्यम से ढूडनें का भरषक प्रयास किया।

लेकिन उस दिन कोई पता नहीं चला। दूसरे दिन भी पुलिस वन विभाग एवं घर के परिजनों द्वारा धरम सागर तालाब के आस पास तथा जंगल के अन्दर अनेक स्थानों पर ढूडनें का प्रयास किया गया। लेकिन कोई पता नहीं चला। छह अक्टूबर को धरमसागर तालाब के बाबा घाट मे म्रतक का शव तैरता हुआ पाया गया। जिसकी सूचना पुलिस ने परिजनों को दी गई। ज्ञात हो कि शिवम अपने माता पिता की एकलोता पुत्र था, जो दिल्ली मे रहकर पढाई कर रहा था, लेकिन कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान था तथा अनेक प्रकार की उल्टी सीधी बात करता था।

## दुकान का शटर तोड़कर हजारों की चोरी, पुलिस मामले की जांच में जुटी

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले में चोर सक्रिय हो गए हैं और आए दिन चोरी की वारदात को चोर अंजाम दे रहे हैं। ब्यौहारी थाना क्षेत्र के सुखा तिराहा के वार्ड नंबर 13 में स्थित एक किराना दुकान का शटर तोड़कर चोरी की वारदात को चोरों ने अंजाम दिया है। दुकान में रखे नकद रुपए एवं किरना सामान की चोरों ने चोरी की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



बताया गया की सुखा तिराहे में स्थित धनंजय किराना दुकान का शटर तोड़कर चोरी की घटना को चोरों ने अंजाम दिया है। बुधवार की सुबह जब दुकान मालिक दुकान खोलने पहुंचा तो दुकान का शटर टूटा हुआ था। जिसके बाद उसने आस पड़ोस के लोगों को इसकी जानकारी दी और मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। जानकारी लगने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तब जाकर दुकानदार ने किसी तरीके से टूटे शटर को उठाया तो देखा कि अंदर रखे सामान बिखरे पड़े थे।

दुकान में रखे नगद रुपए के साथ किराना सामान की चोरी हुई है। दुकानदार ने थाने पहुंचे मामले की शिकायत पुलिस से की है। शिकायत करते हुए दुकानदार ने पुलिस को बताया कि दुकान में नगद 6 हजार एवं किराना सामान मिलाकर 20 हजार से अधिक की चोरी चोरों ने की है। थाना प्रभारी अरुण पांडे का कहना है कि चोरी के मामले पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है। ज्ञात हो कि पिछले कुछ दिनों से शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ी है, आए दिन चोरी की वारदात इस क्षेत्र में हो रही है। बीते कुछ माह पहले कोतवाली थाना क्षेत्र में कई बड़ी चोरियां हुई हैं। चोरों को पकड़ने के लिए पुलिस अधीक्षक ने इनाम की भी घोषणा की, लेकिन कोतवाली पुलिस इन चोरों को पकड़ने में नाकाम साबित हुई है।

## सरपंच-सचिव की उदासीनता, वर्षों से निर्माण अधूरे



**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के पाली जनपद पंचायत अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायतों एवं ग्रामीणों को मुख्य विकास की धारा से जोड़ने समाज के अन्तिम छोर सुविधा की दृष्टि से शासन प्रशासन द्वारा योजना बना निर्माण कार्य के लिए मानपुर विधानसभा की विधायक एवं पूर्व आदिमजाति कल्याण विभाग कैबिनेट मंत्री ने ग्रामीणों के मांग अनुसार ग्राम पंचायत कुरकुचा में लाखों की सौगात दी, लेकिन पूर्व सरपंच एवं पदस्थ सचिव एवं उपयंत्री की उदासीनता के कारण कई लाखों के निर्माण कार्य प्रारंभ तो हुए पर आज सालों बीत जाने के बाद भी पूरे होते नहीं दिख रहे हैं।

प्राप्त जानकारी अनुसार स्कूल बाउंड्री वॉल हो या फिर अति महत्वपूर्ण पुलिया हो, जिसके कारण ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि सरकारें बदली, लेकिन हमारे हालात नहीं। लोगों ने बताया कि इस सम्बन्ध में मौखिक रूप से जनपद के अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन सुन कर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। अगर इस तरह चलता रहा तो सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं को पलीता लगाने का काम किया जा रहा है। विकास से वंचित गांव गरीब किसान एवं आमजन के लिए अभिशाप सा होगा। देखाना लाजमी होगा कि जिले के मुखिया एवं जिला पंचायत सीईओ क्या कुछ कार्यवाही करते हैं।



## बच्चों में सिकल सेल एनिमिया की जांच

**शहडोल, देशबन्धु।** स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले के 39 प्राथमिक तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को चयनित कर मंगलवार को शिविर का आयोजन किया गया। जांच उपरांत 8 बच्चे सिकल सेल एनिमिक तथा 20 बच्चे सामान्य एनिमिक पाए गए।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग मनोज लारोकर ने जानकारी दी है कि कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में बच्चों का सिकिल सेल एनिमिया जांच तथा स्वास्थ्य जांच हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले के 39 प्राथमिक तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को चयनित कर मंगलवार को शिविर का आयोजन किया गया।

## एसडीएम के निर्देश पर सचिव के कारनामों की जांच में कई खुलासे

**सिंगरौली, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत क्षेत्र डिग्घी के विवादित सचिव देवकुमारी शाह के कारनामों के खुलासे परत दर परत खुल रहे हैं। गौरतलब है कि पंचायत ग्रामीण विकास की अवर सचिव तथा पंचायत राज संचनालय के संचालक भोपाल के पत्र पर जिला कलेक्टर सिंगरौली द्वारा सचिव के द्वारा किए गए गबन बिना निर्माण किए राशि निकालने तथा कई निर्माण कार्यों को स्थल पर नहीं मिलने तथा करोड़ों रुपयों की राशि अपने फर्म में अंतरित करने तथा 14 घटिया निर्माण कार्यों में खुलकर भ्रष्टाचार करने तथा कई चेकडेम पुलिया पहली बरसात में बह जाने की शिकायत ग्रामीणजनों ने मुख्यमंत्री तथा भोपाल के सक्षम अधिकारियों तक किया, लेकिन सचिव तथा उसके पति अपने कुछ राजनीतिक पहुंच के सहारे जांच को रुकवा दिया था।

ग्रामीण जनों ने लगातार शिकायत करते रहे जिसको कलेक्टर सिंगरौली ने संज्ञान लेकर सचिव के कारनामों की सिलसिलेवार जांच हेतु तेज तर्रार एसडीएम सिंगरौली को अधिकृत किया। सिंगरौली एसडीएम आईएएस सृजन वर्मा ने तत्काल कार्यवाही करते हुए तहसीलदार सिंगरौली, जनपद पंचायत के सीईओ तथा आरईएस के एसडीओ को संयुक्त जांच दल के रूप में नियुक्त कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश दिया है। तहसीलदार तथा आरईएस के एसडीओ मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के उपस्थिति में जांच कार्य किया। मौके पर कई घटिया कार्य बिना मानक के अनुरूप पाए गए यहां तक कि कई निर्माण कार्य स्थल पर नहीं मिले, बल्कि राशि आहरित कर ली गई। कई निर्माण कार्य बिना आवश्यकता के कराकर राशि का बंदरबाट कर लिया गया। यहां तक कि सचिव की नियुक्ति भी फर्जी पाई गई तथा सचिव के तीसरी संतान भी पाई जो भर्ती सेवा के अनुरूप नहीं है। तमाम बिंदुओं की जांच अधिकारियों द्वारा तहसीलदार के नेतृत्व में जारी है वही सचिव तथा उसके पति द्वारा जनपद के अधिकारियों का लगातार मध्य रात्रि में चक्कर लगा कर जांच कार्य को प्रभावित करने का कार्य धनबल के द्वारा जारी है।


**सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया / Central Bank of India**

**अचल संपत्तियों का विक्रय नोटिस**
**ई-नीलामी दिनांक- 25/11/2024**

क्षेत्रीय कार्यालय- बुढ़ार रोड, शहडोल, मध्य प्रदेश

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित कब्जा (नीचे वर्णित) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है जैसा है और जो कुछ भी है, जिस प्रकार है, एवं दायित्व रहित" के आधार पर निम्नलिखित देनदारों, प्रत्याभूति-दाता तथा जमानतदारों से प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि की वसूली हेतु ई- नीलामी द्वारा बेचे जाने हेतु विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :

| क्र. | संबंधित शाखा | ऋण खाता/ऋणी/प्रत्याभूति-दाता/ जमानतदार | मांग/ बकाया राशि | साम्यबंधक अचल संपत्तियों का विवरण / कब्जे का प्रकार | आरक्षित मूल्य / अग्रिम धरोहर जमा राशि / बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जैतहरी अनूपपुर मोब.नं.- 82260 12835 | (1) श्री दिनेश कुमार मिश्रा पिता श्री राजेंद्र कुमार मिश्रा (मूल उधारकर्ता) (2) श्री राजेंद्र कुमार मिश्रा पिता श्री शारदा प्रसाद मिश्रा (गारंटीदाता) पताः ग्राम आदर्श ग्राम सिवनी, पोस्ट ध्वंगावान थाना एवं तहसील जैतहरी, जिला अनूपपुर (म.प्र.) | रू. 19,51,133/- + ब्याज + विधिक व्यय | संपत्तिः- खसरा क्र. 475/2(ख), वार्ड क्र. 18, ग्राम आदर्श ग्राम सिवनी, पोस्ट ध्वंगावान थाना एवं तहसील जैतहरी जिला अनूपपुर (म.प्र.), भू- स्वामी- श्री राजेंद्र कुमार मिश्रा पिता श्री शारदा प्रसाद मिश्रा। चतुर्सीमाः पूर्व- केशरी सोनी का प्लॉट, पश्चिम- सड़क, उत्तर- दिनेश राठौर का प्लॉट, दक्षिण- देवेंद्र सिंह का प्लॉट, क्षेत्रफलः 3875 वर्गफुट/0.036 हे. उस पर निर्मित भवन/इकाई/ प्रलक्षित कब्जा | रू. 25,74,000/-<br>रू. 2,57,400/-<br>रू. 1,00,000/- |
| 2 | जैतहरी अनूपपुर मोब.नं.- 82260 12835 | (1) मे. विपिन पुस्तक भंडार प्रोप. विपिन अग्रवाल पिता अशोक अग्रवाल (मूल उधारकर्ता) पताः मेन मार्केट जैतहरी, जिला अनूपपुर (म.प्र.) (2) श्री विपिन अग्रवाल पिता अशोक अग्रवाल (मूल उधारकर्ता), पताः वार्ड क्र. 07, मेन मार्केट जैतहरी, अनूपपुर (म.प्र.) (3) श्रीमति आशा अग्रवाल पति अशोक अग्रवाल (गारंटीदाता/ संपत्ति बंधककर्ता), पताः वार्ड क्र. 07, मेन मार्केट जैतहरी, अनूपपुर (म.प्र.) | रू. 20,19,237/- + ब्याज + विधिक व्यय | संपत्तिः- खसरा क्र. 3245/3776/1, पटवारी हल्का क्र. 22, पीडीएस गोदाम के पास, मौजा सिवनी, तहसील जैतहरी, जिला अनूपपुर (म.प्र.), भू- स्वामी- श्रीमति आशा अग्रवाल पत्नी श्री अशोक अग्रवाल। चतुर्सीमाः पूर्व- सुधीर चौधरी की भूमि, पश्चिम- शिव कुमार राठौर की भूमि, उत्तर- मार्ग (शिवनी- शक्तिटोला), दक्षिण- बाबुराम राठौर की भूमि, क्षेत्रफलः 23055 वर्गफुट/0.214 हे. उस पर निर्मित भवन/इकाई/ प्रलक्षित कब्जा। | रू. 10,50,000/-<br>रू. 1,05,000/-<br>रू. 50,000/- |
| 3 | जैतहरी अनूपपुर मोब.नं.- 82260 12835 | (1) श्री अमरनाथ विश्वकर्मा पुत्र श्री अम्मी लाल विश्वकर्मा (मूल उधारकर्ता/संपत्ति बंधककर्ता), पताः वार्ड क्र. 12, ग्राम धनगवा थाना एवं तहसील जैतहरी, जिला अनूपपुर (म.प्र.) | रू. 11,86,595/- + ब्याज + विधिक व्यय | संपत्तिः- खसरा क्र. 1055/1/1/1/1/1/1/2 ग्राम धनगवां, पटवारी हल्का धनगवां क्र. 37, तहसील जैतहरी, जिला अनूपपुर (म.प्र.), भू- स्वामी- श्री अमरनाथ विश्वकर्मा पुत्र श्री अम्मी लाल विश्वकर्मा। चतुर्सीमाः पूर्व- पुरषोत्तम सोनी की आराजी, पश्चिम- अनुसूईया बाई की आराजी, उत्तर- विक्रेता की शेष आराजी, दक्षिण- पी.डब्ल्यू.डी. मार्ग, क्षेत्रफलः 60X60= 3600.00 वर्गफुट/0.033 हे. उस पर निर्मित भवन/इकाई/ प्रलक्षित कब्जा। | रू. 13,10,000/-<br>रू. 1,31,000/-<br>रू. 50,000/- |

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्योरे के लिए कृपया नीचे दिये गये प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट अर्थात www.centralbankofindia.co.in देखें या बैंक अनुबंधित सेवा प्रदाता PSB Alliance के वेबपोर्टल http://ebkray.in पर उपलब्ध लिंक देखें । नीलामी से अन्य संबंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नंबर 91-8291220220, या प्राधिकृत अधिकारी श्री रामा कान्त मिश्रा (मोब. 91-9693096247) या क्षेत्रीय कार्यालय शहडोल (ई मेल- recvshahro@centralbank.co.in) से सभी कार्यदिवसों में कार्यावधि के दौरान संपर्क कर सकते हैं । शीर्षक दस्तावेजों/ दूसरे दस्तावेजों/ संपत्ति के निरीक्षण/ जानकारी हेतुः संबंधित शाखा- जैतहरी अनूपपुर (मोब. नं. 82260 12835) से बैंकिंग कार्यदिवसों में कार्यावधि के दौरान संपर्क किया जा सकता है। इच्छुक बोलीकर्ता सम्पत्ति का निरीक्षण संबंधित शाखा से संपर्क कर दिनांक 18/11/2024 से 19/11/2024 को कर सकते हैं । उपरोक्त संबंधित सभी ऋणियों / प्रत्याभूति-दाता/ जमानतदार को सरफेसी अधिनियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन पंद्रह (15) दिनों की वैधानिक विक्रय सूचना है।

दिनांकः 07/11/2024, स्थानः शहडोल (म.प्र.)

कृते सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, प्राधिकृत अधिकारी